| केन्द्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ | | |
|---|---|---|
| विषय- हिंदी | | कक्षा-11 |
| अवधि– 3 घंटे | अर्द्धवार्षिक परीक्षा (सत्र : 2024-25) | पूर्णांक- 80 |

आवश्यक निर्देश –
सभी प्रश्न करना अनिवार्य है|
प्रश्नपत्र दो भागों खण्ड अ (वस्तुनिष्ठ)तथाब (वर्णनात्मक) में विभक्त है|
प्रश्नपत्र में कुल 13 प्रश्न हैं| सभी प्रश्नों का उत्तर यथासंभव क्रमशः लिखें|
उत्तर लिखने से पहले जाँच कर लें कि सभी प्रश्न मुद्रित हैं|

**खण्ड 'अ' वस्तुपरक अंश (40 अंक)**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न -1 | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करें।**<br>"नम्रता ही स्वतंत्रता की जननी है" यह कथन उचित है। लोग भ्रमवश अहंकार को स्वतंत्रता की जननी मान लेते हैं, किंतु उन्हें इस बात का उचित ज्ञान नहीं होता कि अहंकार स्वतंत्रता का गला ही घोंट सकता है। स्वतंत्रता में स्वाभिमान अवश्य अनिवार्य तत्व है किंतु स्वाभिमान को अहंकार तक संकुचित करना उचित नहीं है।<br>स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी है। यह बात निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए स्वाभिमान तथा नम्रता जरूरी है। इससे निर्भरता आती है तथा हमें अपने पैरों पर खड़े होना आता है। आज युवा वर्ग अपनी आकांक्षाओं तथा योग्यताओं के कारण बहुत आगे निकल गया है, लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे तथा बराबर के लोगों से कोमलता का व्यवहार करे। यह आत्म मर्यादा के लिए आवश्यक है।<br>इस संसार में जो कुछ हमारा है, उसमें बहुत से अवगुण तथा थोड़े गुण, सब इस बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं कि हमें अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए। नम्रता से अभिप्राय दब्बूपन से नहीं है, जिसके कारण मनुष्य दूसरों का मुँह देखता है, जिससे उसका संकल्प क्षीण तथा उसकी प्रज्ञा मंद पड़ जाती है, जिसके कारण आगे बढ़ने के समय भी हम पीछे रह जाते हैं और अवसर आने पर उचित निर्णय नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार मनुष्य का जीवन उसके हाथों में है। सच्ची आत्मा वही है जो विपरीत परिस्थितियों में स्वाभिमान को बनाए रखने में सफल होती है। | 10 |
| i. | **वर्तमान समय में युवा वर्ग की क्या स्थिति है?**<br>क.युवा वर्ग अपने से बड़ों की भावनाओं का ध्यान रखता है।<br>ख.युवा वर्ग अपनी आकांक्षाओं और योग्यताओं के कारण बहुत आगे निकल गया है।<br>ग.युवा वर्ग अपनी स्वतंत्रता का गला घोट सकता है।<br>घ.युवा वर्ग अधिक विनम्र है। | 1 |
| ii. | **स्वतंत्रता का नम्रता तथा स्वाभिमान से क्या संबंध है ?**<br>क.स्वाभिमान के बिना नम्रता का होना व्यर्थ है।<br>ख.स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी नहीं है|<br>ग.स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी है।<br>घ.केवल स्वाभिमान का होना ही आवश्यक है। | 1 |
| iii. | **"सच्ची आत्मा" को किस प्रकार परिभाषित किया गया है ?**<br>क.सच्ची आत्मा विपरीत परिस्थितियों में स्वाभिमान बनाए रखती है।<br>ख.सच्ची आत्मा विपरीत परिस्थितियों में नम्रता को बनाए रखती है।<br>ग.केवल क सही है। घ.क एवं ख दोनों सही है। | 1 |
| iv. | **उपर्युक्त गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?** | 1 |
| v. | **हमें अपने से बड़ों तथा बराबर वालों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?** | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| vi. | "नम्रता ही स्वतत्रता की जननी है" इस कथन की अपने शब्दो मे व्याख्या कीजिए \| | 2 |
| vii. | हमे अपनी आत्मा को नम्र क्यो रखना चाहिए ? | 2 |
| **प्रश्न -2** | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करें \|**<br>वे कितनी सहृदय बीमारियाँ थीं<br>जिनमें कुशल-क्षेम जानने, दुख-दर्द पूछने<br>आते रहे दोस्त, पड़ोसी और रिश्तेदार घर।<br>मरीज का हाथ अपने हाथ में लेकर<br>देते रहे दिलासा : 'कुछ नहीं होगा तुम्हें' का<br>सुझाते रहे कोई नुस्ख़ा, व्यायाम या पथ्य<br>बड़ी समझाइशों के साथ।<br>आते समय लाते फल और जूस के डिब्बे<br>किताबें या कोई पुरानी गीतों की कैसेट<br>उन्हें वापस करने की नसीहत भी कितनी<br>मीठी और आत्मीय होती थी।<br>दलिया, खिचड़ी और मूँग की दाल से भरे<br>उन बर्तनों में कैसी दयावान सुगंध हुआ करती थी<br>और यह सदाशय इसरार भी कि बताओ<br>कल क्या खाओगे?<br>कोरोना की इस बीमारी से जूझते हुए,<br>आदमी बस उस आत्मीय स्पर्श को तरसता है<br>जो अब संबंधों से बिला गया है।<br>अकेले कमरे में लेटे हुए सोचता है कि<br>बीमारियाँ तो पहले भी थीं<br>पर इतनी क्रूर कब थीं<br>आदमी और आदमी के बीच<br>इतना बेहिस फासला कब था! | 8 |
| **i.** | **कोरोना अन्य बीमारियों से भिन्न कैसे है?**<br>क. इसने आदमी को अकेला कर दिया है।   ख. इसमें कोई मूँग दाल की खिचड़ी नहीं लाता।<br>ग. इसके लिए कोई दवाई नहीं बन सकी है।   घ. इसमें आदमी बहुत सोचने लगता है। | 1 |
| **ii.** | **कवि ने बीमारियों को 'सहृदय' क्यों कहा है?**<br>क. उनमें लोग फल-जूस आदि देने आते थे।  ख. उनका इलाज संभव था और मनुष्य ठीक हो जाता था।<br>ग. उनमें मित्र और प्रियजन मिलने-जुलने आ सकते थे।  घ. उनमें लोग नुस्ख़ा आदि बता देते थे। | 1 |
| **iii.** | **कथन (A)– कोरोना की बीमारी बहुत क्रूर है \|**<br>**कारण (R) – कोरोना के कारण कोई पास आकर दिलासा नहीं देता \|**<br>क. कथन और कारण दोनों असत्य हैं।   ख. कथन और कारण दोनों सत्य हैं।<br>ग. कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है।   घ. कथन असत्य है किंतु कारण सत्य है। | 1 |
| **iv.** | **कविता में व्यक्त केंद्रीय चिंता क्या है?** | 1 |
| **v.** | कोरोना से जूझते हुए व्यक्ति क्यो तरसता है और क्यो ? | 2 |
| **vi.** | इस कविता के शीर्षक पर विचार करते हुए इसके केन्द्रीय भाव को बताइए \| | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न -3** | **निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करें \|**<br>आज पानी गिर रहा है,<br>बहुत पानी गिर रहा है,<br>रात भर गिरता रहा है,<br>प्राण-मन घिरता रहा है,<br>बहुत पानी गिर रहा है,<br>घर नज़र में तिर रहा है,<br>घर कि मुझसे दूर है जो,<br>घर खुशी का पूर है जो,<br>घर कि घर में चार भाई,<br>मायके में बहिन आई,<br>बहिन आई बाप के घर,<br>हाय रे परिताप के घर।<br>घर कि घर में सब जुड़े हैं,<br>सब कि इतने कब जुड़े हैं,<br>चार भाई चार बहिनें,<br>भुजा भाई प्यार बहिनें, | **5** |
| i. | **प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम है –**<br>क. प्रेमचंद ख. कबीर ग. भवानी प्रसाद मिश्र<br>घ. मीरा | 1 |
| ii. | **असत्य कथन छाँटकर लिखिए –**<br>क.बहुत पानी गिर रहा है ख.घर कि घर में पांच भाई<br>ग.भुजा भाई प्यार बहिनें घ.घर नज़र में तिर रहा है | 1 |
| iii. | **परिताप का घर किसे कहा गया है?**<br>क. पिता के घर को ख. मायके को ग. केवल क सही है<br>घ. क और ख दोनों सही है | 1 |
| iv. | **निम्नलिखित में से 'नज़र' शब्द का पर्यायवाची है –**<br>क.दृष्टि ख. मस्तिष्क ग. मन<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| v. | **"भुजा भाई प्यार बहिनें" पंक्ति में कौन सा अलंकार है –**<br>क.अतिशयोक्ति ख. अनुप्रास ग. रूपक<br>घ. श्लेष | 1 |
| **प्रश्न -4** | **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चुनाव करें \|**<br>क्या आँख बंद करके मनमाने हुक्म चलाना और किसी की कुछ न सुनने का नाम ही शासन है? क्या प्रजा की बात पर कभी कान न देना और उसको दबाकर उसकी मर्जी के विरुद्ध जिद्द से सब काम किए चले जाना ही शासन कहलाता है? एक काम तो ऐसा बतलाइए, जिसमें आपने जिद्द छोड़कर प्रजा की बात पर ध्यान दिया हो। कैसर और ज़ार भी घेरने-घोटने से प्रजा की बात सुन लेते हैं पर आप एक मौका तो बताइए, जिसमें किसी अनुरोध या प्रार्थना सुनने के लिए प्रजा के लोगों को आपने अपने निकट फटकने दिया हो और उनकी बात सुनी हो। नादिरशाह ने जब दिल्ली में कत्लेआम किया तो आसिफजाह के तलवार गले में डालकर प्रार्थना करने पर उसने कत्लेआम उसी क्षण रोक दिया। पर आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने ज़रा भी ध्यान नहीं दिया। इस समय आपकी शासन-अवधि पूरी हो गई है तथापि बंग-विच्छेद किए बिना घर जाना आपको पसंद नहीं है! नादिर से भी बढ़कर आपकी जिद्द है। क्या समझते हैं कि आपकी जिद्द से प्रजा के जी में दुख नहीं होता? आप विचारिए तो एक आदमी को आपके कहने पर | **5** |

| | | |
|---|---|---|
| | पद न देने से आप नौकरी छोड़ जाते हैं, इस देश की प्रजा को भी यदि कहीं जाने की जगह होती, तो क्या वह नाराज होकर इस देश को छोड़ न जाती? | |
| **i.** | **प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**<br>क. विदाई संभाषण ख. नमक का दारोगा ग. मियाँ नसीरुद्दीन<br>घ. अपू के साथ ढाई साल | 1 |
| **ii.** | **विच्छेद शब्द का क्या अर्थ है ?**<br>क. छेद करना ख. बँटवारा ग. विदाई<br>घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **iii.** | **"इस देश की प्रजा को भी यदि कहीं जाने की जगह होती, तो क्या वह नाराज होकर इस देश को छोड़ न जाती?"पंक्ति में किस देश की प्रजा का उल्लेख किया गया है ?**<br>क. भारत ख. पाकिस्तान ग. ब्रिटेन घ. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **iv.** | **"आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने ज़रा भी ध्यान नहीं दिया"पंक्ति किसके लिए कही गई है ?**<br>क. आसिफजाह ख. नादिरशाह ग. लार्ड एडवर्ड घ. लार्ड कर्ज़न | 1 |
| **v.** | **निम्न में से कौन शासन /सुशासन की विशेषता है ?**<br>क.आँख बंद करके मनमाने हुक्म चलाना ख.किसी की कुछ न सुनना<br>ग.प्रजा हित के अनुसार निर्णय लेना घ.उपर्युक्त सभी | 1 |
| | **खण्ड 'ब' वर्णनात्मक अंश अभिव्यक्ति एवं माध्यम (22 अंक)** | |
| **प्रश्न -5** | **दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर रचनात्मक लेखन कीजिए \| (लगभग 120 शब्दों में)**<br>क. नगरों में बढ़ता अकेलापन ख.विद्यालय का पहला दिन ग. मेरी पहली तीर्थ यात्रा | **6** |
| **प्रश्न -6** | विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री की समुचित व्यवस्था हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक पत्र लिखिए\|<br>**(अथवा)**<br>दैनिक जागरण समाचारपत्र के मुख्य संपादक को पत्र लिखिए जिसमें अपने क्षेत्र के पार्क की दुर्दशा के बारे में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का ध्यान आकृष्ट किया गया हो। | **5** |
| **प्रश्न -7** | **अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरलिखिए \| (लगभग 40 शब्दों में)** | **8** |
| i. | "परीक्षा में आपको सर्वोत्तम अंक मिले हैं।" इस विषय पर डायरी लेखन कीजिए। | 2 |
| ii. | जनसंचार के महत्त्व पर प्रकाश डालिए \| | 2 |
| iii. | पत्रकारिता के प्रमुख सिद्धान्त क्या हैं ? इनका महत्त्व बताइए \| | 2 |
| iv. | पटकथा लेखन से आप क्या समझते हो ? एक उदाहरण दीजिये \| | 2 |
| **प्रश्न -8** | **शब्दकोश और सन्दर्भ-ग्रन्थ पर आधारित 2 प्रश्नों में से किसी 1 प्रश्न का उत्तर लिखिए \|(लगभग 40 शब्दों में)** | **3** |
| i. | शब्दकोश किसे कहते हैं ? इसका क्या महत्त्व है ? | 3 |
| ii. | "सन्दर्भ-ग्रन्थ गागर में सागर के समान हैं" \| इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए \| | 3 |
| **प्रश्न -9** | **काव्यखंड पर आधारित 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए \|(लगभग 60 शब्दों में)** | **6** |
| **i.** | कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक हैं। इसके समर्थन में उन्होंने क्या-क्या तर्क दिए हैं ? | 3 |
| **ii.** | भाव व शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-<br>अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी<br>अब त बेलि फैलि गई आणंद-फल होयी | 3 |
| **iii.** | चंपा को इस बात पर विश्वास क्यों नहीं होता कि गांधी बाबा ने पढ़ने-लिखने की बात की होगी\| तर्कसहित उत्तर लिखिए \| | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न -10** | **काव्यखड पर आधारित 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए \| (लगभग 40 शब्दों में)** | **4** |
| **i.** | मानव शरीर का निर्माण किन पंच तत्वों से हुआ है? उनके नाम लिखिए \| | 2 |
| **ii.** | मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ? वह रूप कैसा है ? | 2 |
| **iii.** | घर की याद कविता में कवि के पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा गया है? | 2 |
| **प्रश्न -11** | **गद्यखड पर आधारित 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए \| (लगभग 60 शब्दों में)** | **6** |
| **i** | 'लड़कियाँ है, वह घास-फूस की तरह बढ़ती चली जाती हैं।' वाक्य समाज में लड़कियों की स्थिति की किस वास्तविकता को प्रकट करता है? नमक का दारोगा पाठ के आधार पर लिखिए \| | 3 |
| **ii.** | आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने जरा भी ध्यान नहीं दिया – यहाँ किस ऐतिहासिक घटना की ओर संकेत किया गया है \| विदाई संभाषण पाठ के आधार पर लिखिए \| | 3 |
| **iii.** | 'पाथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ? 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ के आधार पर लिखिए \| | 3 |
| **प्रश्न -12** | **गद्यखड पर आधारित 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखिए \|(लगभग 40 शब्दों में)** | **4** |
| **i.** | 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन-सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों? | 2 |
| **ii.** | मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है? | 2 |
| **iii.** | शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? | 2 |
| **प्रश्न -13** | **पाठ्यपुस्तक वितान भाग-1 पर आधारित 3 प्रश्नों में से किसी 2 प्रश्न का उत्तर लिखिए \| (लगभग 150 शब्दों में)** | **10** |
| i. | लेखक कुमार गन्धर्व ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? उदाहरण सहित लिखिए। | 5 |
| ii. | 'राजस्थान में जल संग्रह के लिए बनी कुंई किसी वैज्ञानिक खोज से कम नहीं है।" स्पष्ट करें। | 5 |
| iii. | चेजारो के साथ गाँव समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फर्क आया है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट करिए \| | 5 |